रजिस्ट्री सं. डी—(डी एन)—128/91 REGISTERED NO. D—(DN)—128/91

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 14] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 6, 1991 (चैत्र 16, 1913)
No. 14] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 6, 1991 (CHAITRA 16, 1913)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4

[PART III—SECTION 4]

सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय रिज़र्व बैंक

केन्द्रीय कार्यालय

बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग

बंबई-400 005, दिनांक 15 मार्च 1991

सं० ए०पी०पी० 716 ए/सी० 452(के०-25ए०)—91—भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955 की धारा 41 की उपधारा (1) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा केन्द्रीय सरकार के परामर्श से भारतीय रिज़र्व बैंक ने भारतीय स्टेट बैंक के लेखा परीक्षकों के रूप में उक्त बैंक की अगली वार्षिक सामान्य बैठक तक के लिए निम्नलिखित की नियुक्ति की है।

1. मेसर्स एस०एन० मुखर्जी एण्ड कं०, कलकत्ता।
2. मेसर्स रतन एस० मामा एण्ड कं०, बंबई।
3. मेसर्स दास गुप्ता एण्ड कं०, नयी दिल्ली।
4. मेसर्स आर०के० कुमार एण्ड कं०, मद्रास।
5. मेसर्स रमणलाल जी शाह एण्ड कं०, अहमदाबाद।
6. मेसर्स डूगर एण्ड एसोसिएटस, नयी दिल्ली।
7. मेसर्स पी०के० चोपड़ा एण्ड कं०, नयी दिल्ली।
9. मेसर्स डे, चक्रवर्ती एण्ड मेन, कलकत्ता।
9. मेसर्स वरदाचारी एण्ड कं०, हैदराबाद।
10. मेसर्स तेज राज एण्ड पाल, भुवनेश्वर।
11. मेसर्स एस०एन० नंदा एण्ड कं०, नयी दिल्ली।
12. मेसर्स वी०के० रामाध्यानी एण्ड कं०, बंगलूर।
13. मेसर्स एन०सी०सी० बैनर्जी एण्ड कं०, कलकत्ता।

ए० घोष
उप गवर्नर

कार्मिक नीति विभाग

बम्बई, दिनांक 23 मार्च 1991

सं० 1.—भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 58 की उप धारा (1) के अनुसरण में, भारतीय रिज़र्व बैंक का केन्द्रीय बोर्ड, एतद्द्वारा संलग्न भारतीय रिज़र्व बैंक, पेंशन विनियमावली, 1990 को प्रकाशित करता है, जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934(1934 का 2) की धारा 58 की उप-धारा (2) के खण्ड (ञ) के अधीन केन्द्रीय सरकार की स्वीकृति है।

(कु०) वि० विश्वनाथन
कार्यपालक निदेशक

भारतीय रिज़र्व बैंक पेंशन विनियमावली, 1990

भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934(1934 का 2) की धारा 58 की उप-धारा (2) के खंड (ञ) में दिये गये अधिकारों का प्रयोग करते हुए, भारतीय रिज़र्व बैंक का केंद्रीय बोर्ड केंद्र सरकार की पूर्व स्वीकृति से एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है :

अध्याय–I

प्रारंभिक

1. लघुशीर्षक और प्रारंभ

(1) इस विनियमावली को भारतीय रिज़र्व बैंक पेंशन विनियमावली, 1990 कहा जाएगा।

(2) ये विनियम दिनांक 1 नवम्बर 1990 से प्रभावी होंगे।

2. परिभाषाएं

इन विनियमों में, जब तक कोई अन्यथा संदर्भ न हो :—

(1) "अधिनियम" से अभिप्राय भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) से है ;

(2) "औसत परिलब्धियां" से अभिप्राय कर्मचारी द्वारा उसकी सेवा के पिछले 10 महीनों के दौरान आहरित वेतन के औसत से है ;

(3) "बैंक" से अभिप्राय भारतीय रिज़र्व बैंक से है ;

(4) "केंद्रीय बोर्ड" से अभिप्राय अधिनियम के अधीन गठित बैंक के केंद्रीय निदेशक बोर्ड से है ;

(5) "सक्षम प्राधिकारी" से अभिप्राय वही है जो भारतीय रिज़र्व बैंक (स्टाफ) विनियमावली, 1948 में दिया गया है ;

(6) "सेवा निवृत्ति की तारीख" से अभिप्राय उस तारीख से है जिस तारीख को कर्मचारी अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करता है अथवा बैंक द्वारा सेवा निवृत्त किया जाता है अथवा स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति स्वीकार करता है ;

(7) "कर्मचारी" से अभिप्राय बैंक की सेवा में नियुक्त पूर्णकालिक कार्य अथवा साप्ताहिक तेरह घंटों से अधिक अंशकालिक कार्य करने वाले व्यक्ति से है किन्तु इसमें संविदा आधार पर अथवा दैनिक मजदूरी के आधार पर नियुक्त व्यक्ति शामिल नहीं होंगे।

अध्याय–

प्रयोज्यता और पात्रता

3. प्रयोज्यता

ये विनियम निम्नलिखित को लागू होंगे :—

(1) वे कर्मचारी जो दिनांक 1 नवम्बर 1990 को अथवा उसके पश्चात बैंक की सेवा में आते हैं।

(2) दिनांक 1 नवंबर 1990 को बैंक में सेवारत कर्मचारी, उन कर्मचारियों को छोड़कर, जो बैंक द्वारा निर्धारित अवधि के भीतर इन विनियमों के अधीन न रहने का विकल्प लिखित रूप में देते हैं।

(3) दिनांक 1 जनवरी 1986 की जो कर्मचारी (सेवा निवृत्ति पूर्व छुट्टी पर रहने वाले कर्मचारियों को छोड़कर) सेवारत थे और जो दिनांक 1 नवंबर 1990 के पहले सेवा निवृत्त हो गये हैं, बशर्ते कि वे इन विनियमों के आधीन रहने का विकल्प देते और इसके लिए निर्धारित अवधि के भीतर, भविष्य निधि पर बैंक के अंशदान की राशि को उस पर अर्जित ब्याज के साथ, उक्त राशि के आहरण की तारीख से उसके पुनः भुगतान की तारीख तक 6% प्रतिवर्ष की दर से साधारण ब्याज सहित लौटा देते हैं। विनियम 31 के अनुसार उन्हें पेंशन देय होगा।

4. पात्रता

पूर्णकालिक कर्मचारी और प्रति सप्ताह तेरह घंटों से अधिक अंशकालीन कार्य करने वाले अंश कालिक कर्मचारी को, सेवा निवृत्ति के पश्चात, पेंशन लागू होगा, बशर्ते कि उन्होंने न्यूनतम 10 वर्षों की सेवा पूर्ण कर ली हो। सेवारत कर्मचारी की मृत्यु की स्थिति में, न्यूनतम सेवा की अपेक्षा परिवार पेंशन का आहरण करने के लिए लागू नहीं होगी।

5. इन विनियमों को लागू करने के मामले में, भारत सरकार के सिविल सर्विस रेग्युलेशन्स अथवा लिबरलाइज्ड पेंशन रूल्स अथवा सिविल पेंशन्स (कम्युटेशन) रूल्स अथवा केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए परिवार पेंशन योजना के तदनुरूपी उपबंधों की, यथास्थिति, जहां तक वे बैंक में सेवा के लिए अनुकूल ठहराए जा सकते हैं, ध्यान

में रखा जाए किन्तु ऐसे अपवादों और आशोधनों के अधीन जो बैंक समय समय पर निर्धारित करे।

अध्याय–III

सामान्य शर्तें

6. भविष्य में अच्छे आचरण की शर्त पर पेंशन

(1) (क) पेंशन का प्रत्येक अनुदान और इन विनियमों के अधीन उसके जारी बने रहने में, भविष्य में अच्छे आचरण को रखना एक अंतर्निहित शर्त होगी।

(ख) यदि पेंशनभोगी कर्मचारी किसी गंभीर अपराध अथवा भारी कदाचार के अपराध में दोषी पाया जाता है, तो सक्षम प्राधिकारी, लिखित रूप में आदेश देकर, स्थायी रूप में अथवा किसी निर्धारित अवधि के लिए पेंशन अथवा उसके एक भाग को रोक सकते है अथवा वापस ले सकते है; बशर्ते कि जहां पर पेंशन का एक भाग रोक लिया जाता है अथवा वापस ले लिया जाता है, वहां पेंशनभोगी द्वारा आहरित की जानेवाली पेंशन की राशि पूर्ण कालिक कर्मचारी के मामले में रु० 375/– प्रतिमाह से कम नहीं होगी और अंश कालिक कर्मचारी के मामले में उन पर लागू मजदूरी की दर के संदर्भ में उसकी समानुपातिक राशि होगी।

(2) जहां पर पेंशनभोगी विधि न्यायालय द्वारा किसी गंभीर अपराध के लिए दोषी पाया जाता है वहां इस प्रकार के अपराध के संबंध में न्यायालय के न्याय के परिप्रेक्ष्य में उप विनियम (1) के अधीन कार्रवाई की जाएगी।

(3) उप-विनियम (2) के अधीन न आनेवाले मामले में, यदि उप विनियम (1) में उल्लिखित प्राधिकारी यह मानते हैं कि पेंशनभोगी प्रथम दृष्टया भारी कदाचार का दोषी है, तब उप विनियम (1) के अधीन आदेश पारित करने से पहले वे,

(क) पेंशनभोगी को उसके विरुद्ध की जाने वाली कार्रवाई और किस आधार पर कार्रवाई की जानी है इसका उल्लेख करते हुए एक सूचना दे सकते हैं, और सूचना की प्राप्ति के पंद्रह दिनों के भीतर या सक्षम प्राधिकारी द्वारा इसी प्रकार की पंद्रह दिनों से अनधिक और अवधि के लिए इस प्रकार के अभ्यावेदन को, जो वह प्रस्ताव के विरुद्ध देना चाहता है, अनुमत कर सकते हैं और

(ख) खंड (क) के अधीन पेंशनभोगी द्वारा प्रस्तुत किये गये अभ्यावेदन, यदि कोई हो, को ध्यान में रखें।

(4) जहां उप-विनियम (1) के अंतर्गत आदेश पारित करने के लिए गवर्नर सक्षम प्राधिकारी है वहां आदेश पारित करने से पहले केन्द्रीय बोर्ड से परामर्श किया जाएगा।

(5) गवर्नर के अतिरिक्त अन्य किसी प्राधिकारी द्वारा उप-विनियम (1) के अंतर्गत पारित आदेश के विरुद्ध अपील गवर्नर को की जाएगी और गवर्नर केन्द्रीय बोर्ड के परामर्श से अपील के संदर्भ में उचित आदेश पारित करेंगे।

7. पेंशन रोक रखने अथवा वापस लेने का बैंक का अधिकार

सक्षम प्राधिकारी स्थायी रूप से अथवा किसी निर्धारित अवधि के लिए पेंशन अथवा पेंशन का कुछ भाग रोक रख सकते है अथवा वापस ले सकते हैं और बैंक को हुई आर्थिक क्षति के लिए पेंशन के सम्पूर्ण अथवा आंशिक वसूली के लिए आदेश दे सकते है यदि किसी विभागीय या न्यायिक कार्यवाही में पेंशनभोगी अपनी सेवा अवधि के दौरान, जिसमें सेवानिवृत्ति के पश्चात पुनः नियोजन में की गयी सेवा भी शामिल है, भारी कदाचार अथवा प्रमाद के लिए दोषी पाया जाता है; बशर्ते कि किसी अंतिम आदेश को पारित करने के पहले केन्द्रीय बोर्ड से परामर्श लिया जाएगा।

बशर्ते कि कोई विभागीय या न्यायिक कार्यवाही उस समय प्रारंभ नहीं की गयी थी जब कि कर्मचारी सेवारत था; उन कारणों के संदर्भ में या उस मामले के लिए प्रारंभ नहीं की जा सकेगी जो इस प्रकार की कार्यवाही को प्रारंभ करने के 4 वर्ष पहले घटित हो चुके हों।

जहां सक्षम प्राधिकारी पेंशन से आर्थिक क्षति की वसूली का आदेश देते हैं कर्मचारी की सेवा निवृत्ति की तारीख को स्वीकार्य पेंशन के एक तिहाई से अधिक दर पर साधारणतः वसूली नहीं की जाएगी, बशर्ते कि जहां पेंशन का एक भाग रोक लिया जाता है या वापस ले लिया जाता है, पेंशनभोगी द्वारा आहरित पेंशन की राशि पूर्णकालिक कर्मचारी के मामले में रु० 375/– प्रतिमाह से कम नहीं होगी और अंशकालिक कर्मचारी के मामले में लागू मजदूरी की दर के संदर्भ में उसके समानुपातिक राशि होगी।

8. (I) जो कर्मचारी अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर अथवा अन्यथा सेवा निवृत्त हो गया है और जिसके विरुद्ध कोई विभागीय या न्यायिक कार्यवाही प्रारंभ की गयी है या जहां विभागीय कार्यवाही अनिर्णीत है, वहां उस कर्मचारी को स्वीकार्य किए जा सकने वाले अधिकतम पेंशन के समकक्ष अनन्तिम पेंशन अनुमत किया जाएगा, जो कि उक्त कार्यवाही की समाप्ति पर उसे स्वीकृत अंतिम सेवा निवृत्ति लाभों पर समायोजन की शर्त पर होगा; किन्तु जहां अंतिम रूप में स्वीकृत पेंशन अनन्तिम पेंशन से कम है या जहां पेंशन स्थायी रूप में अथवा

एक विशिष्ट अवधि के लिए कम किया जाता है अथवा रोक लिया जाता है वहां वसूली नहीं की जाएगी।

(ii) ऐसे मामलों में इस प्रकार के कर्मचारी को उसके विरुद्ध कार्यवाही की समाप्ति होने तक उपदान नहीं दिया जाएगा। कार्यवाही के निर्णय अथवा कर्मचारी से ली जाने वाली किन्हीं वसूलियों की शर्त पर, कार्यवाही की समाप्ति पर उसे उपदान दिया जाएगा।

9 यदि किसी कर्मचारी के विरुद्ध विभागीय अथवा न्यायिक कार्यवाही उसकी सेवा निवृत्ति की तारीख के पहले प्रारंभ हुई है अथवा किसी व्यक्ति के विरुद्ध उसकी सेवा निवृत्ति की तारीख के बाद इस प्रकार की कार्यवाही प्रारंभ की गयी है, वह इस प्रकार की कार्यवाही का निर्णय होने तक की अवधि के दौरान, यथास्थिति, इन विनियमों के विनियम 8 के अंतर्गत प्राधिकृत अपनी अनंतिम पेंशन के ऐसे को रूपांतरित करने के लिए पात्र नहीं होगा।

10 सेवा निवृत्ति पर वाणिज्यिक नौकरी

यदि कोई पेंशनभोगी, स्टाफ विनियमावली 37ए के अंतर्गत बैंक की पूर्वानुमति के बिना वाणिज्यिक नौकरी करता है अथवा किसी वाणिज्यिक नौकरी के लिए उसको प्रदान की गयी अनुमति की किसी शर्त को भंग करता है तो लिखित में आदेश के जरिए और उसमें अभिलेखित किये जाने वाले कारणों के लिए बैंक यह घोषित करने में सक्षम होगा कि वह, आदेश में यथा विनिर्दिष्ट ऐसी अवधि के लिए समग्र अथवा पेंशन के इस प्रकार के भाग के लिए हकदार नहीं होगा, बशर्ते कि कर्मचारी को ऐसे घोषणापत्र के विरुद्ध कारण दर्शाने के अवसर दिये बिना आदेश नहीं दिया जाएगा।

खण्ड –IV

अर्हता सेवा

11. अर्हता सेवा का प्रारंभ

इन विनियमों के परन्तुकों की शर्त पर, कर्मचारी की अर्हता सेवा, उसके पद के प्रभार ग्रहण करने की तारीख से शुरू होगी, जिस पर वह मूल रूप में अथवा स्थानापन्न अथवा अस्थायी क्षमता में नियुक्त किया जाता है, बशर्ते कि स्थानापन्न अथवा अस्थायी सेवा उक्त अथवा दूसरे पद पर मूल सेवा नियुक्ति से बिना किसी बाधा के की जाती है।

12. एक वर्ष से कम सेवा की खंडित अवधि

यदि किसी कर्मचारी की सेवा अवधि में एक वर्ष से कम सेवा की खंडित अवधि सम्मिलित है तो यदि उक्त खंडित अवधि छः महीनों से अधिक है तो उसे एक वर्ष के रूप में माना जाएगा और यदि उक्त खंडित अवधि छः महीनों से कम है तो उसे ध्यान में नहीं लिया जाएगा।

13 परिवीक्षाधीन सेवा की गणना

किसी पद पर परिवीक्षाधीन सेवा, यदि उसी पद अथवा दूसरे पद पर स्थायीकरण के जरिए की जाती है तो अर्हक होगी।

14 सैनिक सेवा की गणना

किसी कर्मचारी ने बैंक के नियुक्ति के पूर्व सैनिक सेवा की है तो वह निम्नलिखित के लिए अपना विकल्प दे सकता है :

(क) सैनिक पेंशन आहरित करना चालू रखें, ऐसे मामले में उसकी भूतपूर्व सैनिक सेवा अर्हता सेवा के रूप में नहीं गिनी जाएगी; अथवा

(ख) अपना पेंशन आहरित करना समाप्त करें और पुनः नियुक्ति पर पहले ही आहरित पेंशन और सैनिक पेंशन के भाग के रूपांतरण के लिए प्राप्त मूल्य वापस करें और सैनिक सेवा की गणना अर्हता सेवा के रूप में करें बशर्ते कि (i) बैंक में नियुक्ति की तारीख के पहले आहरित पेंशन वापस लौटाने की आवश्यकता नहीं होगी और (ii) पेंशन का अंश जिस पर उसके वेतन निर्धारण के लिए ध्यान नहीं दिया गया था, उसे वापस करना होगा।

15 छुट्टी पर व्यतीत की गयी अवधि की गणना

सेवा के दौरान सभी छुट्टी जिसके लिए छुट्टी वेतन देय है और चिकित्सा प्रमाणपत्र पर प्रदान की गयी सभी असाधारण छुट्टी को यदि किसी अन्यथा रूप में निर्णय नहीं लिया गया है तो, अर्हता सेवा के रूप में गिना जाएगा। बशर्ते कि चिकित्सा प्रमाणपत्र पर प्रदान की गयी असाधारण छुट्टी से अन्य असाधारण छुट्टी के मामले में, सक्षम प्राधिकारी इस प्रकार की छुट्टी प्रदान करते समय, उस छुट्टी की अवधि की अर्हता सेवा के रूप में गिनने के लिए अनुमति दें यदि किसी कर्मचारी को इस प्रकार की छुट्टी निम्न कारणों से प्रदान की गयी हो ;

(i) नागरिक उपद्रव के कारण कार्य पर उपस्थित अथवा पुनः उपस्थित होने में अपनी असमर्थता के कारण, अथवा

(ii) बैंक द्वारा अनुमोदित उच्चतर अध्ययन करने के लिए।

16. प्रशिक्षण पर व्यतीत की गयी अवधि

किसी कर्मचारी की नियुक्ति के तुरंत पहले बैंक में प्रशिक्षण पर व्यतीत की गयी अवधि को अर्हता सेवा के रूप में गिना जाएगा।

17. निलंबन की अवधि

जांच का निर्णय होने तक किसी कर्मचारी की निलंबन की अवधि अर्हता सेवा के लिए गिनी जाएगी जहां इस प्रकार की जांच की समाप्ति पर उसे पूर्णतः निर्दोष ठहराया

जाता है और अन्य मामलों में निलंबन की अवधि नहीं गिनी जाएगी बशर्ते कि सक्षम प्राधिकारी स्पष्ट रूप से यह आदेश पारित नहीं करते हैं कि उसे अर्हता सेवा के रूप में गिना जाए ।

18. पदत्याग अथवा पदच्युति अथवा सेवा समाप्ति पर सेवा का समपहरण

किसी कर्मचारी का सेवा से पदत्याग अथवा पदच्युति अथवा सेवा समाप्ति, उसके समग्र पूर्व सेवा के समपहरण के लिए आवश्यक होगी और इसके परिणामस्वरूप वह पेंशन के भुगतान के लिए पात्र नहीं होगा ।

19. विदेश सेवा में प्रतिनियुक्ति की अवधि

युनाइटेड नेशन्स अथवा किसी अन्य विदेशी निकाय अथवा संगठन में विदेश सेवा पर प्रतिनियुक्त कोई कर्मचारी अपने विकल्प पर—

(i) अपनी विदेश सेवा के संबंध में पेंशन अंशदान का भुगतान करे और उक्त सेवा को इन विनियमों के अंतर्गत अर्हता सेवा के रूप में माने, अथवा

(ii) विदेशी नियोक्ता के नियमों के अंतर्गत स्वीकार्य सेवा निवृत्ति लाभ प्राप्त करे और उक्त सेवा को इन विनियमों के अंतर्गत पेंशन के लिए अर्हता सेवा के रूप में न माने बशर्ते कि जहां कोई कर्मचारी खण्ड (ii) के लिए विकल्प देता है, तो कर्मचारी द्वारा भुगतान किया गया पेंशन अंशदान, यदि कोई हो तो, कर्मचारी को वापस लौटाया जाए ।

20. भारत में किसी संगठन में प्रतिनियुक्ति की अवधि

किसी कर्मचारी की भारत में दूसरे संगठन में प्रतिनियुक्ति की अवधि, अर्हता सेवा के रूप में मानी जाएगी बशर्ते कि संगठन अथवा कर्मचारी पेंशनरी अंशदान का भुगतान बैंक को करता हो ।

21. भारतीय रिज़र्व बैंक में प्रतिनियुक्ति की अवधि

किसी अन्य संगठन से रिज़र्व बैंक में प्रतिनियुक्ति पर कर्मचारी, जिसे बाद में रिज़र्व बैंक की सेवा में अंतर्लयित किया गया है, की पहले की सेवा को तब अर्हता सेवा के रूप में गिना जाए यदि कर्मचारी अपने पहले के नियोक्ता से उसके द्वारा आहरित सेवा निवृत्ति लाभ की राशि, भुगतान की तारीख तक प्रति वर्ष छः प्रतिशत साधारण ब्याज के सहित बैंक को अदा करता है ।

22. सेवा निवृत्ति पूर्व छुट्टी

सेवा निवृत्ति पूर्व छुट्टी को अर्हता सेवा के रूप में नहीं गिना जाएगा और सेवा निवृत्ति पूर्व छुट्टी के दौरान पेंशन देय नहीं होगा । कर्मचारी नीचे लिखे अनुसार चयन कर सकेगे ;

(क) एक तो सेवा निवृत्ति पूर्व संचित छुट्टी की समग्र अवधि का नकदीकरण करें और अधिवर्षिता की तारीख के बाद पहले महीने से पेंशन आहरित करें (यदि सेवा निवृत्ति पूर्व छुट्टी उस महीने के प्रारंभ से शुरू होती है); अथवा

(ख) पूर्ण किये हुए महीनों के लिए सेवा निवृत्ति पूर्व छुट्टी ले लें और एक महीने से कम की सेवा निवृत्ति पूर्व खंडित अवधि का नकदीकरण करें ताकि अनुवर्ती महीने की पहली तारीख से पेंशन आहरित कर सकें ।

23. विशेष परिस्थितियों में अर्हता सेवा में जोड़

(1) बैंक के विवेकानुसार कर्मचारी अधिवर्षिता पेंशन (किन्तु पेंशन के किसी अन्य श्रेणी के लिए नहीं) के लिए अपनी अर्हता सेवा में जोड़ के लिए अपनी सेवा की अवधि के एक चतुर्थांश से अनधिक वास्तविक अवधि अथवा ऐसी वास्तविक अवधि जिसके अनुसार भर्ती के समय उसकी आयु पच्चीस वर्षों से अधिक हो अथवा पांच वर्षों की अवधि, जो भी कम हो, के लिए पात्र होगा यदि सेवा अथवा पद जिसमें कर्मचारी को नियुक्त किया जाता है उसमें—

(क) स्नातकोत्तर अनुसंधान, अथवा विशेषज्ञ अर्हता अथवा वैज्ञानिक, तकनीकी या व्यावसायिक क्षेत्रों में अनुभव आवश्यक हो; और

(ख) सामान्यतः पच्चीस वर्षों से अधिक वर्ष की आयु के उम्मीदवारों को भर्ती किया जाता है ।

बशर्ते कि यह रियायत कर्मचारी को तब तक स्वीकार्य नहीं होगी जब तक बैंक की सेवा छोड़ते समय उसकी अपनी वास्तविक अर्हता सेवा दस वर्षों से कम न हो ।

स्पष्टीकरण

यह रियायत केवल आयु में छूट के आधार पर पच्चीस वर्षों से अधिक आयु में बैंक में भर्ती किये गये कर्मचारी को उपलब्ध नहीं होगी ।

(2) ऐसे कर्मचारी को, जिसे पैंतीस वर्ष अथवा उससे अधिक की आयु में भर्ती किया जाता है, वह अपनी नियुक्ति की तारीख से तीन महीनों की अवधि के भीतर, पेंशन के लिए अपने अधिकार को छोड़ने का चयन कर सकता है जिस पर वह अंशदायी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए पात्र होगा ।

(3) उप विनियम (2) में उल्लिखित एक बार दिया गया विकल्प अंतिम होगा ।

अध्याय V

पेंशन की श्रेणियां और उसके अनुदान की विनियमित करने की शर्तें

24. अधिवर्षिता पेंशन

अधिवर्षिता पेंशन ऐसे कर्मचारी को प्रदान किया जाएगा जो अधिवर्षिता की आयु में सेवा निवृत्त होता है ।

बशर्ते कि पेंशन सेवा निवृत्ति पूर्व छुट्टी के दौरान देय नहीं होगा ।

25. असामयिक सेवानिवृत्ति पेंशन

असामयिक सेवानिवृत्ति पेंशन ऐसे कर्मचारी को प्रदान किया जाएगा जो सेवा निवृत्त होता है अथवा स्टाफ़ विनियमों के अनुसरण में अधिवर्षिता की आयु के पहले स्वेच्छा से सेवा निवृत्त होता है । बशर्ते कि पेंशन सेवा निवृत्ति पूर्व छुट्टी के दौरान देय नहीं होगा ।

26. अवैध पेंशन

(1) यदि कोई कर्मचारी किसी शारीरिक अथवा मानसिक कमजोरी के कारण, जिससे वह सेवा के लिए स्थायी रूप से असमर्थ बन गया है, सेवा निवृत्त होता है तो उसे अवैध पेंशन प्रदान किया जाए ।

(2) जो कर्मचारी अवैध पेंशन के लिए आवेदन करता है उसे बैंक के चिकित्सा अधिकारी से असमर्थता का एक चिकित्सा प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए ।

(3) जहां बैंक के चिकित्सा अधिकारी, कर्मचारी को जो काम वह करता है उससे कम परिश्रम के स्वरूप की और सेवा के लिए उपयुक्त घोषित करता है, उसे निम्नतर पद पर, बशर्ते कि वह उस पद पर नियुक्त किये जाने के लिए इच्छुक हो, नियुक्त किया जाएगा और यदि उसे निम्नतर पद पर नियुक्त करने के कोई साधन नहीं है तो उसे अवैध पेंशन दिया जाए ।

27. अनुकंपा भत्ता

(1) बैंक का कोई कर्मचारी जिसे सेवा से पदच्युत किया जाता है अथवा जिसकी सेवा समाप्त की जाती है वह अपनी पेंशन से वंचित होगा ।

बशर्ते कि सेवा से पदच्युत अथवा सेवा समाप्त करने वाले सक्षम प्राधिकारी, यदि मामला विशेष महत्व का हो तो, पेंशन के दो-तिहाई से अनधिक अनुकंपा भत्ता स्वीकृत करें जो उसे अन्यथा रूप में स्वीकार होता ।

(2) उप विनियम (1) के परन्तुक के अन्तर्गत स्वीकृत अनुकंपा भत्ता पूर्ण कालिक कर्मचारी के मामले में रू० 375/– प्रतिमाह की राशि से कम नहीं होगा और अंश कालिक कर्मचारी के मामले में लागू मजदूरी की दर के संबंध में उसके समानुपातिक होगा ।

28. पेंशन की दर

मूल पेंशन की दर औसत परिलब्धियों का पचास प्रतिशत होगी बशर्ते कि वह पूर्ण कालिक कर्मचारी के मामले में न्यूनतम रू० 375/– प्रतिमाह और अंश कालिक कर्मचारी के मामले में स्वीकार्य मजदूरी की दर के संबंध में उसकी समानुपातिक राशि होगी । तेंतीस वर्षों की सेवा पूर्ण पेंशन के लिए अर्हक होगी । किसी कर्मचारी के मामले में जिसकी सेवा 33 वर्षों से कम होती है, पेंशन, अर्हता सेवा के वर्षों की संख्या के लिए समानुपातिक आधार पर देय होगी ।

29. पेंशन पर महंगाई राहत

महंगाई राहत बैंक द्वारा समय समय पर निर्धारित दरों पर प्रदान की जाएगी । महंगाई राहत रूपांतर के बाद भी पूर्ण मूल पेंशन पर अनुमत की जाएगी ।

30. रूपांतरण

पेंशनभोगी उसकी स्वीकार्य पेंशन के एक-तिहाई के अधिकतम तक रूपांतरित कर सकता है । इस प्रकार का पेंशनभोगी पेंशन के दो-तिहाई हिस्से के लिए हकदार होगा । पेंशन का रूपांतरित हिस्सा, रूपांतरण की तारीख से 15 वर्षों की अवधि के पश्चात पुनर्नियोज्य होगा । रूपांतरण की पद्धति इसके साथ संलग्न तालिका के अनुसार होगी । यदि रूपांतरण सेवानिवृत्ति की तारीख के एक वर्ष के बाद मांगा जाता है तो वह बैंक के चिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सा जांच होने पर ही प्रदान किया जाएगा ।

31. ऐसे कर्मचारियों को पेंशन का भुगतान जो 1 जनवरी 1986 और 31 अक्तूबर 1990 के बीच सेवा निवृत्त हुए हैं ।

जो कर्मचारी 1 जनवरी 1986 को अथवा उसके बाद और 1 नवम्बर 1990 के पहले बैंक की सेवा से सेवा निवृत्त हुए है वे नियम 22 के अधीन 1 नवम्बर 1990 अथवा सेवा निवृत्ति पूर्व छुट्टी की समाप्ति के बाद से पेंशन के लिए पात्र होंगे । पेंशन का भुगतान, बैंक से उन्हें प्राप्त भविष्य निधि पर बैंक के अंशदान को ब्याज सहित लौटाने की शर्त पर होगा जो कि आहरण की तारीख से पुनः भुगतान की तारीख तक छः प्रतिशत प्रति वर्ष की दर पर साधारण ब्याज के साथ होगा । ऐसे कर्मचारियों को विधिवत चिकित्सा जांच के बाद, 1 नवम्बर 1990 से अपनी पेंशन के रूपांतरण के लिए भी अनुमत किया जाएगा ।

अध्याय–VI

32. परिवार पेंशन

(1) उप विनियम (3) में निहित प्रावधानों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, जो कर्मचारी निम्न स्थितियों में मरता है—

(क) लगातार सेवा के एक वर्ष को पूर्ण करने के बाद, अथवा

(कक) लगातार सेवा के एक वर्ष के पूर्ण होने के पहले बशर्ते कि संबंधित मृत कर्मचारी की सेवा में अथवा पद पर नियुक्ति के तुरन्त पहले बैंक के चिकित्सा अधिकारी द्वारा उसकी जांच की

गयी थी और नियुक्ति के लिए उपयुक्त घोषित किया गया था, अथवा

(ख) सेवा से सेवा निवृत्त होने के बाद और मृत्यु की तारीख को वह पेंशन अथवा अनुकंपा भत्ते की प्राप्ति की स्थिति में था,

तो मृत कर्मचारी का परिवार, पेंशन के लिए हकदार होगा ।

स्पष्टीकरण— इस नियम में जहां कहीं "लगातार सेवा का एक वर्ष" आता है वहां उसका अर्थ खण्ड (कक) में यथा परिभाषित लगातार सेवा के एक वर्ष से कम" होगा ।

(2) परिवार पेंशन की राशि मासिक दरों पर निर्धारित की जाएगी और पूर्ण रुपयों में दी जाएगी और जहां परिवार पेंशन में एक रुपये का अंश होगा वहां उसको अगले उच्चतर रुपये में पूर्णांकित किया जाएगा;

बशर्ते कि परिवार पेंशन के किसी भी मामले में अधिकतम से अधिक को अनुमत नहीं किया जाएगा ।

(3) जहां कर्मचारी मृत्यु के समय लगातार सेवा के 7 वर्ष पूर्ण करता है वहां परिवार पेंशन का भुगतान अंत में आहरित वेतन के 50% अथवा परिवार पेंशन की सामान्य दर की दुगनी राशि जो भी कम हो तक किया जाए बशर्ते कि कर्मचारी कामगारों के क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 के अंतर्गत नहीं आता था । यदि कर्मचारी कामगारों के क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 के अंतर्गत आता है तो परिवार पेंशन अंत में आहरित वेतन के 50% अथवा परिवार पेंशन की सामान्य दर की 1½ गुनी राशि तक जो भी कम हो, होना चाहिए । इस उच्चतर दर पर पेंशन 7 वर्षों की अवधि के लिए अथवा मृत कर्मचारी, यदि वे सेवा में होते तो जब वे 65 वर्षों की आयु पूरी करते तब तक के लिए, जो भी कम हो, देय है ।

(4) सेवा निवृत्ति के बाद मृत्यु के मामले में, परिवार पेंशन, परिवार पेंशन की सामान्य दर की दुगुनी राशि तक या अंतिम रूप में आहरित वेतन के 50% की दर पर जो भी कम हो, और मृत्यु की तारीख के बाद की तारीख से 7 वर्षों की अवधि के लिए अथवा मृत कर्मचारी जब 65 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेता, जो भी कम हो, देय होगा, बशर्ते कि उपरोक्त के अनुसार बढ़ायी गयी परिवार पेंशन की राशि, सेवा निवृत्ति पर स्वीकार्य सामान्य पेंशन से अधिक नहीं होगी ।

(5) परिवार पेंशन की सामान्य दर निम्नानुसार होगी :

वेतन सीमा	प्रति माह परिवार पेंशन की दर
रु० 1500/—तक	वेतन के 30%, रु० 375/– प्र०मा० के न्यूनतम की शर्त पर
रु० 1501/– से 3000/-	वेतन के 20%, रु० 450/– प्र०मा० के न्यूनतम की शर्त पर
रु० 3000/–से अधिक	वेतन के 15%, रु० 600/– प्र०मा० के न्यूनतम और रु० 1250/– प्र०मा० के अधिकतम की शर्त पर

स्पष्टीकरण

अंश कालिक कर्मचारी के मामले में परिवार पेंशन की न्यूनतम और अधिकतम राशि, उन्हें लागू मजदूरी की दर के समानुपातिक होगी ।

(6) अवधि, जिसके लिए परिवार पेंशन देय है, निम्नानुसार होगी—

(क) विधवा अथवा विधुर के मामले में, मृत्यु अथवा पुनः विवाह की तारीख तक, जो भी पहले होता है,

(ख) पुत्र के मामले में, वह अर्जन करना प्रारंभ करता है अथवा वह पच्चीस वर्ष पूर्ण करता है, जो भी पहले हो, और

(ग) अविवाहित पुत्री के मामले में, वह अर्जन करना प्रारंभ करती है अथवा वह पच्चीस वर्ष पूर्ण करती है अथवा उसका विवाह होता है, जो भी सबसे पहले हो ।

बशर्ते कि यदि किसी कर्मचारी का पुत्र अथवा पुत्री मानसिक विकार अथवा अक्षमता से पीड़ित है अथवा शारीरिक रूप से विकलांग अथवा अक्षम है जिसके कारण वह जीवन-निर्वाह अर्जित करने के लिए असमर्थ है, तो ऐसे पुत्र अथवा पुत्री के जीवन यापन के लिए परिवार पेंशन बैंक द्वारा इस संबंध में जारी किये गये अनुदेशों के अनुसार देय होगा ।

(7) (क) परिवार पेंशन एक ही समय में परिवार के एक से अधिक सदस्य को देय नहीं होगा ।

(ख) यदि मृत कर्मचारी अथवा पेंशनभोगी अपने बाद विधवा अथवा विधुर को छोड़ता है तो पात्र बच्चे को छोड़कर, विधवा अथवा विधुर को परिवार पेंशन देय होगा ।

(ग) यदि पुत्र और अविवाहित पुत्रियां जीवित हैं तो अविवाहित पुत्रियां परिवार पेंशन के लिए पात्र नहीं होंगी, जब तक कि पुत्रों के पच्चीस वर्ष पूर्ण नहीं हो जाते अथवा वे अर्जन प्रारंभ नहीं कर लेते और इस प्रकार वे परिवार पेंशन प्राप्त करने के अपात्र नहीं हो जाते ।

(8) जहां मृत बैंक कर्मचारी अथवा पेंशनभोगी एक से अधिक बच्चों को छोड़ता है, वहां सबसे बड़ा पात्र बच्चा, इस विनियम के उप-विनियम (6) के खण्ड (ख) अथवा खण्ड (ग), यथास्थिति, में उल्लिखित अवधि के लिए परिवार पेंशन के लिए हकदार होगा और उक्त अवधि की समाप्ति के बाद अगला बच्चा परिवार पेंशन प्रदान किये जाने के लिए पात्र बनेगा।

(9) जहां परिवार पेंशन इस विनियम के अंतर्गत किसी नाबालिग को प्रदान किया जाता है, वहां उक्त पेंशन नाबालिग की ओर से उसके अभिभावक को देय होगा।

(10) यदि पत्नी और पति दोनों ही बैंक के कर्मचारी हैं और इन विनियमों के प्रावधानों के अधीन हैं और उनमें से एक सेवा में रहते हुए अथवा सेवा निवृत्ति के बाद मर जाता है, तो मृत के मामले में परिवार पेंशन उत्तरजीवी पति अथवा पत्नी को देय होगा और पति अथवा पत्नी की मृत्यु होने पर उत्तरजीवी बच्चा अथवा बच्चों को, बैंक द्वारा यथा निर्धारित सीमाओं की शर्तें पर, मृत माता-पिता के संबंध में दो परिवार पेंशन प्रदान किये जाएंगे।

रूपांतरण तालिका

प्रति वर्ष रु० 1 की पेंशन के लिए रूपांतरण मूल्य

अगले जन्म दिन पर आयु	परचेज वर्षों की संख्या के अनुसार सूचित रूपांतरण मूल्य	अगले जन्म दिन पर आयु	परचेज वर्षों की संख्या के अनुसार सूचित रूपांतरण मूल्य	अगले जन्म दिन पर आयु	परचेज वर्षों की संख्या के अनुसार सूचित रूपांतरण मूल्य
1	2	1	2	1	2
17	19.28	40	15.87	63	9.15
18	19.20	41	15.64	64	8.82
19	19.11	42	15.40	65	8.50
20	19.01	43	15.15	66	8.17
21	18.91	44	14.90	67	7.85
22	18.81	45	14.64	68	7.53
23	18.70	46	14.37	69	7.22
24	18.59	47	14.10	70	6.91
25	18.47	48	13.82	71	6.60
26	18.34	49	13.54	72	6.30
27	18.21	50	13.25	73	6.01
28	18.07	51	12.95	74	5.72
29	17.93	52	12.66	75	5.44
30	17.78	53	12.35	76	5.17
31	17.62	54	12.05	77	4.90
32	17.46	55	11.73	78	4.65
33	17.29	56	11.42	79	4.40
34	17.11	57	11.10	80	4.17
35	16.92	58	10.78	81	3.94
36	16.72	59	10.46	82	3.72
37	16.52	60	10.13	83	3.52
38	16.31	61	9.81	84	3.32
39	16.09	62	9.48	85	3.13

टिप्पणी : उपर्युक्त तालिका, पेंशनभोगी के अगले जन्मदिन पर उसकी आयु के संदर्भ में परचेज वर्षों की संख्या के अनुसार सूचित पेंशन का रूपांतरण मूल्य दर्शाता है। 58 वर्षों की आयु में सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारी के मामले में रूपांतरित मूल्य, परचेज वर्ष 10.46 है और अतः यदि वह सेवानिवृत्ति से एक वर्ष के भीतर अपनी पेंशन से रु० 100/– रूपांतरित करता है तो उसे देय एकमुश्त राशि रु० 100 × 10.46 × 12 = रू० 12,552/– होगी।

भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय कार्यालय

बम्बई, दिनांक 20 मार्च 1991

सूचना

सं० 3/1991—भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) अधिनियम 1959 की धारा 41 की उप धारा (1) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुमोदन से भारतीय स्टेट बैंक ने निम्नलिखित बैंकों के लिए उनके नाम के आगे लिखी लेखा परीक्षा फर्मों को लेखा-परीक्षक नियुक्त किया है :

बैंक का नाम	लेखा–परीक्षक का नाम
1	2
स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर	मैसर्स ओ०पी० टोटला एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स, 46, शीव विलास पैलेस, राजवाड़ा, इन्दौर–452004

1	2
	2. मेसर्स धामिजा सुब्रीजा एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स, 26, होटल मेट्रो, एन–1, कनाट प्लेस, नई दिल्ली–11000
	3. मेसर्स व्यास एण्ड व्यास, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स, भोला भवन, लक्ष्मी मोटर्स कम्पनी के सामने एम०आई०रोड, जयपुर–302001
	4. मेसर्स के० एम० अग्रवाल एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स, 36 नेताजी सुभाष मार्ग, दरिया गंज (काशीपुर के नजदीक) नई दिल्ली ।
स्टेट बैंक आफ हैदराबाद	1. मेसर्स एन० सी० राजगोपाल एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स, सं० 29, कृष्णास्वामी, अय्यर एवेन्यू, एल्युजैड चर्च रोड, माईलापोर, मद्रास ।
	2. मेसर्स सूर्यनारायण मूर्ति एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड अकाउण्टेंट्स, गांधी नगर, विजयवाडा ।
	3. मेसर्स राव एण्ड कुमार, चार्टर्ड अकाउण्टेंट्स, 10–50–19 सौदामणी, शिरीपुरम वाल्टेर, विशाखापट्टणम ।
	4. मेसर्स बी०व्यागराजन एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड अकाउण्टेंट्स, 1, आठवीं स्ट्रीट, गोपालपुरम, मद्रास–600 086 ।
स्टेक बैंक ऑफ इन्दौर	1. मेसर्स एच० गंभीर एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड अकाउण्टेंट्स, 4/6, डी०बी० गुप्ता रोड, पहाड़ गंज, नई दिल्ली ।

1	2
	2. मेसर्स एस०के० मेहता एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड अकाउण्टेंट्स, 2682, गली नं० 2, बीडेन पुरा, अजमल खान रोड, मार्केट करोल बाग, नई दिल्ली ।
	3. मेसर्स एस० प्रशाद एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड अकाउण्टेंट्स, 2, बरार हाऊस, सदर बाजार, नई दिल्ली 110 006 ।
	4. मेसर्स नृपेन्द्र एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड अकाउण्टेंट्स, पोस्ट बाक्स नं० 323, 58/36, बिरहाना रोड, कानपुर ।
स्टेट बैंक ऑफ मैसूर	1. मेसर्स मनियन एण्ड राव, चार्टर्ड अकाउण्टेंट्स, 24, रत्ना विलास रोड, बासावनागुडा, बंगलोर–560 004 ।
	2. मेसर्स एम०आर० नारायण एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड अकाउण्टेंट्स, 1 गंगाधारा मुडाली स्ट्रीट, नुन्गामबक्कम, मद्रास ।
	3. मेसर्स शर्मा गोयल एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड अकाउण्टेंट्स 47, राम नगर, नई दिल्ली ।
	4. मेसर्स एस० मोहन एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड अकाउन्टैंट्स, जी-47, कनाट सर्कस, नई दिल्ली–110001 ।
स्टेट बैंक ऑफ पटियाला	1. मेसर्स कुमार शर्मा एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड अकाउण्टेंट्स, 20, अन्सारी रोड, दरिया गंज, नई दिल्ली ।
	2. मेसर्स वी०सी० गौतम एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड अकाउण्टेंट्स 140 उषा निवास, शिवाजी पार्क, दादर, बम्बई ।

1	2
	3 मेसर्स प्रकाश एण्ड संतोष, चार्टर्ड अकाउण्टेंट्स, विकास मार्केट, 40/5, परेड, कानपुर–1 ।
	4. मेसर्स बब्बर जिंदल एण्ड कम्पनी चार्टर्ड अकाउण्टेंट्स, प्रताप स्ट्रीट, गोला मार्केट, गोलचा सिनेमा के पीछे नई दिल्ली ।
स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र	1. मेसर्स मनुभाई एण्ड कम्पनी चार्टर्ड अकाउण्टेंट्स दूसरी मंजिल, परमेश्वर चैम्बर्स, दिनेश हॉल के सामने, अहमदाबाद–380 009 ।
	2. मेसर्स मेहता एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड अकाउण्टेंट्स 2337, राम लालाजी का रास्ता जोहरी बाजार, जयपुर ।
	3. मेसर्स रघु नाथ राय एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड अकाउण्टेंट्स, 206, मनीषा, 75 नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110 019 ।
	4. मेसर्स बंसल सिन्हा एण्ड कम्पनी चार्टर्ड अकाउण्टेंट्स 2061/39 नलवा स्ट्रीट गुरुद्वारा रोड करोल बाग नई दिल्ली ।
स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर	1. मेसर्स सुरी एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड अकाउण्टेंट्स पी०बी० नंबर 477, नं० 8, रूटलैंड गेट 4था रास्ता, मद्रास 600 006 ।
	2. मेसर्स संकर एण्ड मूर्ति, चार्टर्ड अकाउण्टेंट्स, पार्वती भवन, गांधारी अम्मान कोईल, पुथाचन्थी स्ट्रीट, त्रिवेंद्रम–695 001 ।
	3. मेसर्स अब्राहम एण्ड जोस, चार्टर्ड अकाउण्टेंट्स XXXV/1161–7, टेलेस्टार रविपुरम, एम०जी० रोड, एर्नाकुलम कोचीन–682 016 ।
	4. मेसर्स बोरार एण्ड कम्पनी चार्टर्ड अकाउण्टेंट्स 71, दरियागंज, नई दिल्ली ।

2. ये नियुक्तियां 31 मार्च 1991 को समाप्त होने-वाली लेखावधि के लिए है, और 1 फरवरी 1991 से 31 जनवरी 1992 तक की एक वर्ष की अवधि के लिए होंगी ।

ह० अपठनीय
अध्यक्ष

बैंक ऑफ इण्डिया

प्रधान कार्यालय

बम्बई–400021, दिनांक 8 मार्च 1991

सं० पी० /आई० आर० /बी० एन० के०/1473—बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अन्तरण) अधिनियम 1970 (1970 का 5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ऑफ इण्डिया का निदेशक मण्डल, भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से और केन्द्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से बैंक ऑफ इण्डिया (अधिकारी) सेवा विनियमों, 1979 में और आगे संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है :—

2. संक्षिप्त शीर्षक और प्रारम्भ : (1) इन विनियमों का नाम बैंक ऑफ इण्डिया (अधिकारी) सेवा विनियम 1979 होगा । (2) ये संशोधन सम्बन्धित विनियम के सामने उल्लिखित तिथि को और उस तिथि से लागू होंगे ।

3. संशोधन का ब्यौरा अनुलग्नक 1 में दिया गया है ।

के० एन० वि० प्रभु
सहायक महा प्रबन्धक (कार्मिक)

अनुलग्नक–I

मंहगाई भत्ता

विनियम 21· 1–11–1987 को तथा उसके बाद से, महंगाई भत्ता योजना निम्नानुसार होगी :

(1) महंगाई भत्ता अखिल भारतीय औसत श्रमिक वर्ग उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सामान्य) आधार 1960-100

की तिमाही औसत में 600 अंकों के ऊपर 4 अंक की प्रत्येक वृद्धि अथवा गिरावट के हिसाब से देय होगा ।

(2) महंगाई भत्ता निम्नलिखित दरों पर देय होगा ।

(I) रु० 2500/– तक 'वेतन' का 0.67 प्रतिशत, और

(II) रु० 2500/– से ऊपर परन्तु रु० 4000/– तक वेतन का 0.55 प्रतिशत, और

(III) रु० 4000/– से ऊपर परन्तु रु० 4260/- तक वेतन का 0.33 प्रतिशत, और

(IV) रु० 4260/– से ऊपर वेतन का 0.17 प्रतिशत ।

मकान किराया भत्ता

विनियम 22 (2) 1–1–1990 को और उसके बाद के यदि किसी अधिकारी को बैंक द्वारा मकान नहीं दिया गया है, तो वह निम्नलिखित दरों पर मकान किरायां भत्ता पाने का पात्र होगा :–

स्तम्भ I	स्तम्भ II
कार्यस्थल निम्नलिखित स्थानों पर होने पर	देय मकान किराया भत्ता
(I) सरकार के मार्ग निर्देशों के अनुसार समय–समय पर विनिर्दिष्ट प्रमुख 'ए' वर्ग के नगर तथा समूह 'ए' के परियोजना क्षेत्र केन्द्र	वेतन का 14 प्रतिशत परन्तु अधिकतम रु० 450/— प्र० मा०
(II) क्षेत्र I में अन्य स्थान तथा समूह 'बी' के परियोजना क्षेत्र केन्द्र	वेतन का 12 प्रतिशत परन्तु अधिकतम रु० 375/– प्र० मा०
(III) क्षेत्र II तथा उपर्युक्त (I) तथा (II) के अन्तर्गत न आने वाले राज्यों तथा संघ शासित क्षेत्रों की राजधानियां	वेतन का 10 प्रतिशत परन्तु अधिकतम रु० 325/– प्र० मा०
(IV) क्षेत्र III	वेतन का 8 प्रतिशत परन्तु अधिकतम रु० 300/– प्र० मा०

परन्तु यदि कोई अधिकारी किराए की रसीद प्रस्तुत करता है तो उसे देय मकान किराया भत्ता, जिस वेतनमान में वह है उसके प्रथम प्रक्रम के 6 प्रतिशत से ऊपर, उसके द्वारा अपने आवास के लिए दिया गया वास्तविक किराया अथवा स्तम्भ में उल्लिखित दरों पर, जो भी कम हो, जो अन्यथा देय अधिकतम मकान किराया भत्ते का अधिक से अधिक 175 प्रतिशत होगा ।

स्पष्टीकरण :

1(ख) 1–4–1990 को और उसके बाद, यदि निवास स्थान बैंक द्वारा किराए पर लिया गया है तो बैंक द्वारा देय संविदागत किराया अथवा ऊपर (क) में दर्शाई गई पद्धति के अनुसार आंका गया किराया, जो भी कम हो ।

(2) इस विनियम और विनियम 23 में क्षेत्र I, क्षेत्र II तथा क्षेत्र III का अर्थ निम्नानुसार होगा :

क्षेत्र : I 12 लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाले स्थान ।

क्षेत्र : II क्षेत्र I में न आने वाले ऐसे सभी शहर जिनकी जनसंख्या 1 लाख और उससे अधिक हो ।

क्षेत्र III क्षेत्र I तथा क्षेत्र II में न आने वाले अन्य सभी स्थान ।

विशेषाधिकार छुट्टी :

विनियम 33(4) 1–1–1990 को उसके बाद से, जब तक कि आवेदित छुट्टी नामंजूर न कर दी गई हो, विशेषाधिकार छुट्टी अधिक से अधिक 240 दिनों तक संचित की जा सकेगी ।

यूनाइटेड बैंक ऑफ इण्डिया

मानव संसाधन विभाग

प्रधान कार्यालय

कलकत्ता–700001, दिनांक 15 दिसम्बर 1990

सं० 2/90—यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया का निदेशक (बैंक का नाम)

बोर्ड, बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन और अन्तरण) अधिनियम 1970/1980 (1970 का 5/1980 का 40) की धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से और केन्द्रीय सरकार की पूर्व मंजूरी से यूनाइटेड बैंक ऑफ इण्डिया अधिकारी संवर्ग (बैंक का नाम)

के कर्मचारी (आचरण) विनियम (आचरण) 1976 का और (वर्ष)

संशोधन करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाता है :

2. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ : (1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम यूनाइटेड बैंक ऑफ इण्डिया अधिकारी संवर्ग (बैंक का नाम)

के कर्मचारी (आचरण) संशोधन विनियम, 1989 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

3. यूनाइटेड बैंक ऑफ इण्डिया बैंक अधिकारी संवर्ग (बैंक का नाम)

के कर्मचारी (आचरण) विनियम 1976 में,

(वर्ष)

(क) विनियम 6 के उप-विनियम (4) में आने वाले अन्तिम शब्द 'नहीं' कर सकेगा शब्दों के स्थान पर 'नहीं करेगा' शब्द रखें जाएंगे और विनियम 21 के परन्तुक में 'ऐसी कार्रवाई के सम्बन्ध में' शब्दों के स्थान पर 'उसके द्वारा ऐसी कार्रवाई किए जाने की तारीख से तीन मास की अवधि के भीतर' शब्द रखें जाएंगे ।

एस० बी० सेन,
उप महा प्रबन्धक (कार्मिक एवं सेवाएं)

दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स ऑफ इंडिया

नई दिल्ली-110002 दिनांक 19 मार्च 1991

(चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स)

सं० 54-ई० एल० (1)/4/91—चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स विनियम 1988 के विनियम 82 और विनियम 134 के उप-विनियम (1) (जैसा कि चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स (संशोधन) विनियम 1991 संशोधित किया गया है) के अनुसार इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स ऑफ इंडिया की परिषद को इंस्टीट्यूट की परिषद् तथा क्षेत्रीय परिषदों के सदस्यों के चुनाव हेतु आगामी चुनावों से संबंधित निम्नलिखित महत्वपूर्ण तिथियों को अधिसूचित करने में हर्ष है :—

1.	नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि और समय	20-5-1991 सायं 5.00 बजे
2.	नामांकनों की जांच की तिथि	29 व 30-5-1991
3.	नामांकन वापस लेने की अन्तिम तिथि तथा समय	14-6-1991 सायं 5.00 बजे
4.	मतदान की तिथि और तिथियां :—	
	(i) बम्बई, मद्रास, कलकत्ता और दिल्ली/नईदिल्ली के लिए	2 व 3-8-1991
	(ii) अन्य शहरों/कस्बों के लिए	2-8-1991
5.	विनियम 112 के अन्तर्गत डाक द्वारा मतदान के लिए अनुमति मांगने हेतु आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि	1-6-1991
6.	डाक द्वारा मत पत्रों को प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय	7-8-1991 सायं 5.00 बजे
7.	परिणाम घोषित करने की तिथि	20-8-1991

एम० सी० नरसिम्हन
सचिव

बम्बई-400005 दिनांक 23 मार्च 1991

सं० 3-डब्ल्यू० सी० ए० (5)/20/90-91—इस संस्थान की अधिसूचना सं० 3-डब्ल्यू० सी० ए० (4)/9/90-91, दिनांक 25-1-91, 3-डब्ल्यू० सी० ए० (4)/14/89-90 दिनांक 2-11-89 के संदर्भ में चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 20 के अनुसरण में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 19 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में निम्नलिखित सदस्यों का नाम पुनः उनके आगे दी गई तिथियों से स्थापित कर दिया है ।

क्रम सं०	सदस्यता सं०	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1	31280	श्री बलदेव के० सिंघवानी, खामले चेंबर, इतवारी, नागपुर	1-10-90
2.	31427	श्री दत्तात्रय आय० झवेरी, 610, छठवां मंजला/पगराव एस० वी० रोड, गोरेगांव (पश्चिम), बम्बई-400062	1-10-90
3.	32816	श्री कपलेश एम० शाह, हंसा अपार्टमेंट, ब्लाक नं० 8/9, तीसरा मंजला, प्लाट नं० 126/127, गारोडिया नगर, बम्बई-400077	1-10-90
4.	33043	श्री संजय एल० शाह, 'लवली काटेज', 35, डंकन रोड, किर्की, पूना-411003	1-10-90
5	33157	श्री एस० एम० शिंदीया, 97, उदय को०-आप० हा० सोसाइटी लिमिटेड, आरे रोड, गोरेगांव (प०), बम्बई-411062	23-11-90
6	33904	श्री दहाद रविन्द्रनाथ आर० 402, बी० बिझीलैंड, 776, ए० सदाशिव, पूना-411030	1-10-90

1	2	3	4
7.	34014	श्री इगनाटिअस बी० पिंटो, 229, शिवाजी नगर, एन० एम० दोषी मार्ग, बम्बई–400013	1–10–90
8.	35092	श्री राजेश व्ही०, रूपारेल 20/3, वन्दना 2रा म ला, आर० ए० किदवाई रोड, वडाला, बम्बई–400031	1–10–90
9.	35111	श्री महेन्द्र के० अग्रवाल, 46, चन्द्रा भवन , रूम नम्बर 14, 2रा मंजला, ओल्ड हनुमान लेन, कालबा देवी, बम्बई	1–10–90
10.	35131	श्री नितिन डब्ल्यू० खरे, 22, पायल अपार्टमेंट संघवी नगर, औंध फायर स्टेशन के नजदीक, औंध, पूना	1–10–90
11.	35430	श्री दिपक आर० अशेर अजंठा सोसायटी के नजदीक ताना अपार्टमेंट के सामने, रेस कोर्स सर्कल, वडोदरा–390 007 ।	01–10–90
12.	35479	श्री अजय एच० गुप्ता 709, ताबूत स्ट्रीट, पूना–411 001 ।	01–10–90
13.	35519	श्री रोहित व्ही० शाह० हेम बिल्डिंग, स्ट्रोट रोड, वलार्ड इस्टेट, बम्बई–400 038 ।	01–10–90
14.	36113	श्री विमलकुमार एम० पारेख "श्री कुंज" 16, विमनगर सोसायटी, नरवादज् रोड, अहमदाबाद–380 013 ।	1–10–90
15.	36364	श्री विक्रम जी० अडवाणी 9–सी, "अनंया" डा० राजाबल्ली पटेल लेन, बम्बई–400 026 ।	01–10–90
16.	36516	श्री दावडा सुनिलकुमार पी० पो० बाक्स नं० 46283, नौरोबी केनिया ।	01–10–90
17.	37088	श्री मोनिश जे० चौहान मेनेझिस काम्पलेक्स, निरंचल रोड़ कुर्ती, पोंडा, गोवा–403 401 ।	01–10–90
18.	80697	श्री महिधर कुमार एल्टी 21/2, विजय नगर, मरोल, अंधेरी (पूर्व), बम्बई–400 059 ।	01–10–90

3 डब्ल्यू० सी० ए० (5)/27/90–91—इस संस्था की अधिसूचना नं० 3 डब्ल्यू०सी०ए०(4)/9/90–91 दिनांक 25–1–1991 के संदर्भ में चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 20 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 19 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद् अपने सदस्यता रजिस्टर में निम्नलिखित सदस्यों का नाम पुनः उनके आगे दी गई तिथियों से स्थापित कर दिया है ।

क्रम संख्या	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	7519	श्री पारेख किशोर पी० सी–22, गणेश कृपा, दत्तात्रय रोड, सांताक्रुज, बम्बई–400 054 ।	09–01–91
2.	8587	श्री विजयकुमार काशिनाथ खानकारी, 242, बुधवारपेठ, मालेगांव–423 203 ।	01–10–90
3.	31307	श्री सुधीन भगवानदास चोकणी, 8, सुफलम अपार्टमेंटस, 10, हरीभक्ती कालोनी, गोत्री रोड, बरोदा ।	1–10–90

1	2	3	4
4.	32399	श्री छोरीया किशनलाल नाथमल, लेवाले पार्क, रविवार करंजा, नाशिक–422 022 ।	1–10–90
5.	33765	श्री सुधीर जी० लाहीया, 134, मोदी स्ट्रीट, सावंत चेम्र्स, फोर्ट, बम्बई–400 001 ।	01–10–90
6.	34333	श्री श्रीनिवास ए० राजोले, एम०टी०ई० मिडल ईस्ट, पी० ओ० बाक्स 267, दुबाई (यू० ए० ई०) ।	01–10–90
7.	34780	श्री जग्गी भगवान शिवदासनी, 81, विधानी अपार्टमेंटस, 4, नारायण ढाबोलकर रोड, बम्बई–400 006 ।	01–10–90
8.	35676	श्री हरीप पुरुषोत्तमदास राजदेव, दी एम० एम० टी० सी० आफ इंडिया लि०, नागीनदास चैंबर्स, उस्मानपुरा, अहमदाबाद–380 014 ।	01–10–90
9.	38204	श्री भारत कुमार बी० पारीख, विष्णु बेंगल्स स्टोअर के सामने, करोलीयापोल, एम०जी० रोड, बरोडा–390 001 ।	01–10–90
10.	38289	श्री आर० नागाबाऊषना, केसवा प्रादाद, 93–ए, ब्टीन टावर्स, प्रभादेवी, बम्बई–400 025 ।	01–10–90
11.	39382	श्री गणेश सुब्रामिनियम रामामूर्ती आयर, द्वारा : एस० रामामूर्ती, ए/3, सद्गुरू, 1ला माला, 59, नेहरू रोड, वाकोला ब्रिज, सांताक्रुज (पू), बम्बई–400 055 ।	01–10–90
12.	39471	श्री सुरेश कुमार जी० शाह, विष्णुपमा को-ऑप० हाऊसींग सोसायटी, 184–बी, शनिवार पेठ, पुणे–411 030 ।	01–10–90
13.	39498	श्री इद्रीस ए० गडरीवाला, द्वारा : इद्रीस गडरीवाला एण्ड कं०, बी–7, फैजे हुसैनी, एल०बी० एस० मार्ग, कुर्ला, बम्बई–400 070 ।	01–10–90
14.	39902	श्री राजेश कुमार पांडे, ए/2, 284, शाह एण्ड नाहार, इंडस्ट्रीअल इस्टेट, लोअर परेल (प), बम्बई–400 013 ।	01–10–90
15.	40009	श्री विजय अनंत जोशी, 6, रश्मी सोसायटी, सिंहगढ़ रोड़, पुणे–400 030 ।	01–10–90
16.	40180	श्री सुरेश सी० साहारीआ, आफिस नं० 11, 1ला माला, 81, मोदी स्ट्रीट, फोर्ट, बम्बई–400001 ।	01–10–90
17.	40284	श्री दीपक कुमार सैगल, 901, वालामल टावर्स, नरीमन पाईंट, बम्बई–400 021 ।	01–10–90
18.	40337	श्री प्रदीप एस० तालीकोटी, राजू भगत, 82, वरली विलेज, बम्बई–400 025 ।	01–10–90
19.	40460	श्री हितेन्द्र एच० शाह, 1512, कुवावालो खांचो, घाटरपाडा का पोल, मांडवी का पोल, अहमदाबाद–380 001 ।	01–10–90
20.	40469	श्री विपुल आर० कोठारी, "अेमी" बंगलो नं० 6, इंदिरा पार्क सोसायटी, जोधपुर क्रास रोड, सेटलाईट रोड, अहमदाबाद–380 015 ।	01–10–90
21.	40569	श्री अनील एन० कोल्हाटकर, 7, पितृछाया अपार्टमेंट्स, आर० एस० रोड, चेंदनी, थाना–400 601 ।	01–10–90

1	2	3	
22.	40879	श्री आनंद के० वोरा, लक्ष्मी भुवन, 9वां रोड, खार, बम्बई–400 052 ।	01–10–90
23.	40897	श्री सुनिल जगवंत कामदार, 3, स्वाधीन सदन, 50–सी रोड, चर्चगेट, बम्बई–400 020 ।	01–10–90
24.	40915	श्री संजय खतार अशेर, 32/34, मोदी स्ट्रीट, फोर्ट, बम्बई–400 001 ।	01–10–9
25.	41147	श्री दामानिया खुशरु नेरीमन, बी/20, तोदरेज बाग, नेपीन सी रोड, बम्बई, बम्बई–400 026 ।	01–10–90
26.	41380	श्री कुलकर्नी उपेन्द्रा ए०, 200 बडी बाई सदन, पाथार्ली, डोम्बीवली (पू), थाना–421 201 ।	01–10–90
27.	41427	श्री कैलाश एस० जैन, 508, चीरा बाजार, सिध्वा बिल्डिंग, बम्बई–400 002 ।	01–10–90
28.	41477	श्री पी० आर० वेंकटारामन, ए/8, अवधुत सोसायटी, सुन्दर नगर, कालिना, सांताकुज (पू) बम्बई–400 098 ।	01–10–90
29.	41524	श्री विनोद कुमार चतुर्वेदी, सी–501, सुमेर नगर, एस० बी० रोड, बोरीवली (प), बम्बई ।	01–10–90
30.	41704	सौ० रूपलता बी० पारीख, गुजरात स्टेट पोलीस, हौसींग कोर्पोरेशन लि०, गुरुकुल ड्राईव इन रोड, अहमदाबाद ।	01–10–90
31.	41799	श्री मानीक महेश, सेक्टर–9, एम०एल०–6, बिल्डिंग 10, फ्लेट नं० 14, नेरल, नई बम्बई–400 706 ।	01–10–90
32.	42351	श्री माधव नरहरी कडादास, मेसर्स एम० एन० डाकादास, बी० डी० डी० चाल नं० 6, खो० नं० 8, वरली, बम्बई–400 018 ।	01–10–90
33.	42707	श्री राजेश किशोर गोकलगांधी, 206, सेम्युअल स्ट्रीट, वडगादी, बम्बई–400 003 ।	1–10–90
34.	42928	श्री प्रकाश चंद्र बाफना, एफ–16, बी०एम०सी० बिल्डिंग, सायन अनारवाडा, बम्बई–400 022 ।	01–10–90
35.	43018	श्री अमीषा धीरजलाल शाह, नेटवर्क, 64–ए, मेकर चेंबर्स, 3, नरीमन पोईंट, बम्बई–21 ।	01–10–90
36.	43032	श्री कोठावाला इल्यास मोहम्मद हबीब, 2227, सुईग्रास स्ट्रीट, कालुपीर, पांचकुंवा के पास, अहमदाबाद–380 001 ।	01–10–90
37.	43072	श्री प्रवीण कोठारी, 41, विठल वाडी, तल माला, कालबादेवी, बम्बई–400 002 ।	01–10–90
38.	43083	श्री महेष चंद्रकांत पटेल, दुन अपार्टमेंट्स, तारदेव, 704, जे० दादाजी मार्ग, बम्बई–400 007 ।	01–10–90
39.	43091	श्री रमन विठलदास सोमैय्या, 27, वृंदावन, खेतवाडी, 12वीं गल्ली, बम्बई–400 004 ।	01–10–90
40.	43220	श्री सचीन के० शाह, मेसर्स सचीन शाह एण्ड कं०, 111, के० एम० शर्मा मार्ग, 3रा माला, रूम नं० 8, बम्बई–400 002 ।	01–10–90
41.	43400	श्री शरद मथुरादास दागा, 214, मैन चेम्बर्स, 11, न्यू मैरीन लाईन्स, बम्बई–400 020 ।	01–10–90

1	2	3	4
42.	43568	श्री बालुसु श्रीनिवासा चक्रवर्ती, मार्फत : आयडीबीआय टावर्स, कफ परेड, कोलाबा, बम्बई–400 005 ।	01–10–90
43.	43629	श्री सलील लांधा, (लोढा) 18, जुना बोरा हाऊ स. ग्राम पंचायत रोड, गोरेगांव (पश्चिम), बम्बई–400 602 ।	01–10–90
44.	43634	सौ० संध्या खांडेलवाल, 164 सी लार्ड (ए), कफ परेड, बम्बई–400 005 ।	01–10–90
45.	43656	श्री शाह अजयकुमार चेतनलाल, 12, हरिशचन्द्र पार्क, विजयनगर के पास, नारनपुरा, अहमदाबाद–380 013 ।	1–10–90
46.	43694	श्री शाह जगदीश रतीलाल, हिराकुंज, ब्लाक नं० 20, 505, आर्थर रोड, तारदेव, बम्बई–400 034 ।	01–10–90
47.	43708	श्री दीपक नरेन्द्र शर्मा, 54, कापाडिया चे 51, देवजी रतनशी मार्ग, बम्बई–400 009 ।	01–10–90
48.	43724	श्री रविन्द्र एस० वाटवे बी–52, दक्षिण पार्क, 10 वां रोड, जे०वी०पी०डी० स्कीम, बम्बई–400049 ।	01–10–90
49.	43760	सौ० शामाला एस० पाई, बी०जी० बालीगा एण्ड कं०, 2 लांस डौन रोड, कोलाबा, बम्बई ।	01–10–90
50.	43770	श्री निर्मलकुमार एस० शाह, सोनावाला बिल्डिंग नं० 8 ए–ब्लॉक, 4 था माला, स्लेटर रोड, तारदेव बम्बई–400007 ।	01–10–90
51.	43778	कु० पाटणवाला नफीसा फखरुद्दीन, 90 मंजीप ला स्ट्रीट, 3ए, माला, बम्बई-400003 ।	1-10-90
52.	43808	श्री सतीश कुमार राजगारहीया, पंचवटी–1, विंग–ए, फ्लेट सं० 501, राहेजा टाऊनशिप, मालाड (इ), बम्बई–400097	01–10–90
53.	43895	श्री हरीशचन्द्र जी० कापशे, 34/सी कामगार नगर, एस०जी० बर्वे रोड, कुर्ला (ई), बम्बई–400024	01–10–90
54.	43922	श्री विनायक हेरुर, द्वारा : श्री सी०बी० नालावाला, 16, शांति सं० 1, 19, पेडर रोड, बम्बई–400026	01–10–90
55.	43943	श्री मालकन हरेन्द्र लालचंद, बी/3, माधव बाग, जांबली गली, एस०वी० रोड, बोरीवली (पश्चिम), बम्बई–400092 ।	01–10–90
56.	44006	श्री युसूफ मुछाला, 71, मोहम्मदअली रोड, लकी मेंशन, 4 था माला नं० 47, बम्बई–400003	01–10–90
57.	44021	श्री डाकोस्टा जोव मीग्युएल, 3/18, पराडाईज अपार्ट– मेंटस, जय माता भवानी– रोड, अम्बोली, अंधेरी (प०), बम्बई–400058 ।	01–10–90
58.	50253	श्री योगेश जे० सुरतवाला, बी/6, यशपाल अपार्टमेंटस, विजय रेस्टोरेंट के पास, नवरंगपुरा, अहमदाबाद–380009	01–10–90
59.	80046	श्री मोहित कुमार, 317, पंचरत्ना, ओपेरा हाऊस, बम्बई–400004	01–10–90
60.	83491	श्री संजय शखुजा, मार्फत : सीटी बैंक, 83–84, साहकार भवन, नरीमन पॉइण्ट, बम्बई–400021	01–10–90

एम०सी० नरसिम्हन,
सचिव

मद्रास 600034, दिनांक 18 मार्च 1991

(चार्टर्ड एकाउन्टैन्टस)

सं० 3-एस०सी०ए० (4)/13/ 90-91—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 18 के अनुसरण में एतद्-द्वारा यह सूचित किया जाता है कि चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार अधि-नियम 1949 की धारा 20 उप धारा (1) (क) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में से मृत्यु हो जाने के कारण निम्नलिखित सदस्यों का नाम उनके आगे दी गई तिथि से हटा दिया है।

क्र० सं०	सदस्यता सं०	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	6327	श्री०के०सी० कोशी, फर्स्ट फ्लोर, 9, वेंकटरत्नम-नगर, अडयार, मद्रास-600020	23-08-90
2.	25340	श्री बी० वीराचामी, 80/2, भाषा स्ट्रीट, चूलईमैड, मद्रास-600094।	12-01-91

सं० 3-एस०सी०ए० (5)/20/ 90-91—इस संस्थान की अधिसूचना सं० 3-एस०सी०ए० (4)/ 8/ 90-91, दिनांक 01 दिसम्बर 1990 और 3-डब्ल्यू० सी० ए० (4)/ 13/ 89-90, दिनांक 27 नवम्बर 1989, के संदर्भ में चार्टर्ड प्राप्त लेखा-कार विनियम 1988 के विनियम 20 के अनुसरण में एतद्-द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 19 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में निम्नलिखित सदस्यों का नाम पुनः उनके आगे दी गई तिथि से स्थापित कर दिया है।

क्र० सं०	सदस्यता सं०	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	5372	श्री पंचापकेशन एन०, एफ०सी०ए०, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट, 4/401, दिव्याशक्ति अपार्टमेंटस, अमीरपेट हैदराबाद-500016	01-10-90
2.	8611	श्री रामन एन०, ए०सी०ए०, पी०बी० 128, रूइरू, कीन्या	01-10-90
3.	9316	श्री शंकरन पी०बी०, ए०सी०ए०, 13/268, जी०बी० रोड, पालघाट-678001	01-10-90
4.	13412	श्री सुब्रामनियन देवाराजन, ए०सी०ए०, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट, डोर नं० 7, प्लाट सं० 19, चन्द्रकांती नगर, आफ बाईपास रोड, मदुराई 625016	01-10-90
5.	14698	श्री मुरलीधरन बी०, ए०सी०ए०, केयर आफ डा० के०जी० मेनन, गोपामाला, 230-बी, अशोक नगर, मद्रास-600083	01-10-90
6.	19118	श्री श्रीनिवासन, टी०एस०, एफ०सी०ए०, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट, 202 स्ट्रीट, सुब्रामन्या नगर, मद्रास-600024	
7.	19745	श्री नचिअप्पन टी०, ए०सी०ए० मैनेजर क्रेडिट, आंध्रा बैंक 65, थियागाराया रोड टी० नगर, मद्रास-600017	01-10-90
8.	20293	श्री शिवासुब्रामनियन, ए०सी०ए०, प्लाट नं० 385, 27 स्ट्रीट, 6 सैक्टर के०के० नगर, मद्रास-600078	1-10-90
9.	21297	श्री मैथ्यू ए०जे०, एफ०सी०ए०, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट, मनशन्स, 17/1041 जैल रोड, कोझीकोड-673004	01-10-90

1	2	3	4
10.	22372	श्री पतनाला शिवा प्रसाद राव, एफ०सी०ए०, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट, एच० नं० 8-3-214/34ए, श्रीनिवासा कालोनी वेस्ट, हैदराबाद-500890	01-10-90
11.	24835	मिस जयाश्री चारी, ए०सी०ए० डी-21, बोनस्टोन अपार्टमेंट्स, महालिंगापुरम, मद्रास-600034	01-10-90
12.	25089	श्री मंजुनाथ बी०ए०, ए०सी०ए०, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट, नं० 65, आर०टी० स्ट्रीट, बंगलौर-560053	01-10-90
13.	25403	श्री पूर्णाचन्द्रा राव एस०, ए०सी०ए०, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट, एच नं० 16-11-16/188, श्रीपुरम कालोनी, मालकपेट हैदराबाद	01-10-90
14.	25456	श्री अंतापुर गुरूप्रसाद राव, ए०सी०ए०, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट, अपस्टेयर्स-फण्ड आफिस बिल्डिंग, सं० 32/3 वार्ड, कलम्मा स्ट्रीट, वेल्लरी-583101	01-10-90
15.	25706	श्री हरीकृष्णन आर०, ए०सी०ए०, शाथी भवन, कोट्टायाम डिस्ट०, चमाम्पथल पी०ओ०-686001	01-10-90
16.	27512	श्री नारायनन वी०, ए०सी०ए०, 39, नागोजी स्ट्रीट, ट्रिप्लीकेन, मद्रास-600005	01-10-90
17.	27515	श्री मुरली कृष्णा एच०जी०, ए०सी०ए०, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट, सं० 4, पम्पा भवन, पम्पामहाकवि रोड, शंकरापुरम, बंगलौर-560004	01-10-90
18.	28064	श्री रघवेन्द्राचार्युलु, ए० ए०सी०ए०, सीनियर मैनेजर फाइनैन्स, दि हैदराबाद अलविन कं० लि०, एररागुड्डा, हैदराबाद-500018	01-10-90
19.	28267	श्री दमादरा नायक के०, ए०सी०ए०, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट, जूनियर कालेज एल रोड, बोलवार, डी०के०, पुट्टुर-574201	01-10-90
20.	28311	श्री डैनियल पी०, ए०सी०ए०, 31, फर्स्ट क्रास स्ट्रीट, बेसन्त नगर, मद्रास-600090	01-10-90
21.	29348	श्री जगदीश एन०सी०, ए०सी०ए०, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट, 13, लोंगफोर्ड रोड, रिचमंड टावन, बंगलौर-560025	01-10-90
22.	29595	श्री मुरुगेसन एस०, ए०सी०ए०, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट, गोल्डन प्रेस बिल्डिंग, रेलवे फीडर रोड, सत्तूर-626203	01-10-90
23.	39250	श्री बालासुन्दरम, एन० ए०सी०ए०, 9, कामराज एवेन्यू 1 स्ट्रीट, अद्यार, मद्रास-600020	19-02-91

दिनांक 14 मार्च 1991

(चार्टर्ड एकाउन्टैन्टस)

सं० 3-एस० सी०ए० (8)/12/ 90-91— चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 10 (1) खण्ड (तीन) के अनुसरण में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्न-लिखित सदस्यों को जारी किए प्रैक्टिस प्रमाण पत्र उनके आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिए गए हैं क्योंकि वे अपने प्रैक्टिस

प्रमाण पत्र को रखने के इच्छुक नहीं है।

क्र० सं०	सदस्यता सं०	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	16246	श्री लक्ष्मीनारायनन आर०, एफ०सी०ए०, 55/192, 5 क्रोस, किरलोसकर कोलोनी, फर्स्ट स्टेज, महालक्ष्मीपुरम, बंगलौर–560086	1–1–91
2.	20350	श्री सुब्रामनियन एस०, एफ०सी०ए०, 113, टी०एस०वी० कोइल स्ट्रीट, माइलापोर, मद्रास–600004	27–2–91
3.	23965	श्री जोय एन०जे०, एफ०सी०ए०, 37/2055, पोनोथ रोड, कलूर, कोचीन–682017	1–2–91
4.	26756	श्री रविन्द्रानाथ पी०, ए०सी०ए०, मैसर्स लवलोक एण्ड लेविस, 307, कोपर आर्च, पी०बी० नं० 5200, 83/1, इन्फैन्ट्री रोड, बंगलौर–560001	3–1–91
5.	27851	श्री उमा महेश्वरन के० आर०, ए०सी०ए०, नं० 7, थर्ड स्ट्रीट, सौराष्ट्रा नगर, चूलईमेडु, मद्रास–600094	28–2–91
6.	28215	श्री श्रीकान्थ ए०, ए०सी०ए०, 100, रासप्पा चेट्टी स्ट्रीट, मद्रास–600003	13–2–91
